**NEWS CLIPPING: 20.05.2018**

**DAINIK JAGRAN**

# विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएं ज्यादा

## वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि ने वेल्डिंग उपकरण विनिर्माता क्षेत्र की अग्रणीय कंपनी एडॉर वेल्डिंग लिमिटेड के साथ समझौता किया



वाईएमसीए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की मौजूदगी में अकादमिक डीन डॉ. विक्रम सिंह तथा एडॉर कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधक (उत्तर क्षेत्र) शेखर गुप्ता एक दूसरे को समझौता आदान प्रदान करते हुए ●

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने वेल्डिंग उपकरण विनिर्माता क्षेत्र की अग्रणीय कंपनी एडॉर वेल्डिंग लिमिटेड के साथ समझौता किया है। यह समझौता वेल्डिंग और विनिर्माण क्षेत्र में विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता को बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया है। कंपनी ने विश्वविद्यालय परिसर में वेल्डिंग प्रौद्योगिकी पर आधारित एक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के लिए भी तकनीकी सहयोग की पेशकश की है।

वाईएमसीए विश्वविद्यालय की ओर से अकादमिक डीन डॉ.विक्रम सिंह तथा एडॉर कंपनी की ओर से वरिष्ठ प्रबंधक (उत्तर क्षेत्र) शेखर गुप्ता ने कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किए। सिविल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ.एमएल अग्रवाल, इंडस्ट्री रिलेशंस डॉ.रश्मि पोपली, ट्रेनिंग व प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. लखविंद्र सिंह तथा एडॉर कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधक (उपकरण) उपस्थित थे। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि इस अकादमिक समझौते से विद्यार्थियों को विनिर्माण, औद्योगिक रखरखाव और निर्माण क्षेत्र में रोजगार के लिए जरूरी कौशल को सीखने का अवसर मिलेगा। इस समझौते का लाभ इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के साथ-साथ विश्वविद्यालय के कम्युनिटी कॉलेज में चल रहे वेल्डिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को भी होगा।

डॉ. एमएल अग्रवाल ने बताया कि वेल्डिंग तकनीक का उपयोग मुख्य रूप से विनिर्माण तथा निर्माण क्षेत्र में किया जाता है और दोनों ही क्षेत्रों में वेल्डिंग कौशल रखने वालों के लिए रोजगार के बेहतर अवसर होते है। एडॉर कंपनी की ओर से वरिष्ठ प्रबंधक (उत्तर क्षेत्र) शेखर गुप्ता ने विश्वविद्यालय को वेल्डिंग प्रौद्योगिकी पर आधारित उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने में तकनीकी सहयोग तथा उपकरणों पर 50 प्रतिशत छूट देने की पेशकश की। कंपनी द्वारा औद्योगिक जरूरतों के अनुरूप विद्यार्थियों के प्रशिक्षण के लिए सेमिनार तथा कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। इसके अलावा, कंपनी द्वारा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को इंटर्नशिप और रोजगार के अवसर भी उपलब्ध करवाएं जाएंगे।

**NEWS CLIPPING: 20.05.2018**

**Daily Post**

# YMCA University signs MoU

**CHANDIGARH**: With the view to provide opportunities to students to improve their employability in welding and manufacturing sector, the YMCA University of Science and Technology, Faridabad has signed a MoU with Ador Welding Limited, a leading Manufacturer & Supplier of Welding electrodes, welding equipments and welding rectifier from Mumbai. The Company has also offered its assistance and technical help to set up a Centre of Excellence on Welding Technology in the University premises. The MoU was signed by Dr Vikram Singh, Dean (Academics Affairs), YMCA University and Shekhar Gupta, Senior Manager (North), Ador Welding Limited in the presence of Prof Dinesh Kumar, Vice Chancellor of the University. Dr M L Aggarwal, Chairperson, Civil Engineering Department, Dr Rashmi Popli, Director, Industry Relations, Dr Lakhwinder Singh, Training and Placement Officer, Sanjay Dadral, Senior Manager (Equipments), Ador Welding Limited were also present on this occasion. *DP*

**NEWS CLIPPING: 20.05.2018**

**DAINIK JAGRAN**

# समाज को सकारात्मक दिशा देने में दें योगदान : प्रो. दिनेश

- केएल महता दयानंद महिला महाविद्यालय का दीक्षांत समारोह
- वाइएमसीए यूनिर्वसिटी के कुलपति बने मुख्यातिथि

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : केएल महता दयानंद महिला महाविद्यालय में शनिवार को आयोजित दीक्षांत समारोह में कला संकाय बॉयो, वाणिज्य, कंप्यूटर सांइस की स्नातक व स्नातकोत्तर में उतीर्ण होने वाली छात्राओं को डिग्री प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वाइएमसीए यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. डॉ.दिनेश कुमार थे।

महर्षि दयानंद शिक्षण संस्थान की अध्यक्षा डॉ.विमल महता, उपाध्यक्ष आनंद महता के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलन तथा सरस्वती वंदना के साथ हुई। समारोह में प्रबंध समिति के सदस्य जेसी आर्य, रमेश चावला, प्रो. सुनील गर्ग भी मौजूद थे। कार्यक्रम की खास बात यह थी कि गाउन को दरकिनार छात्राओं ने भारतीय संस्कृति के अनुरूप परिधानों में डिग्री हासिल की।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. वंदना मोहला ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद करीब 500 छात्राओं को डिग्री वितरित की गई। मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि दीक्षांत समारोह वह पवित्र दिन है जिस दिन हर छात्र गौरवान्वित होता है। उन्होंने स्नातक व स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी करने वाली छात्राओं का आह्वान किया कि समाज को सकारात्मक दिशा देने में अपना योगदान दें। प्रोफेसर दिनेश ने कहा कि समाज का उत्थान बेटी को पढ़ाकर ही किया जा सकता है। इसी सोच के साथ स्वामी दयानंद ने स्त्री शिक्षा का आह्वान किया और महात्मा कन्हैया लाल महता की दूरदर्शिता से यह महाविद्यालय महिलाओं की सशक्तिकरण का परिचायक बन चुका है। पीएम मोदी ने भी बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की शुरुआत हरियाणा से ही की है। यह कदम भी सरकार का महिलाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

दीक्षांत समारोह कार्यक्रम प्रभारी विभा दत्ता व कमलप्रीत वर्मा के सानिध्य में संपन्न हुआ।



केएल महता दयानंद महिला महाविद्यालय के दीक्षांत समारोह में डिग्री प्रदान करते वाइएमसीए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. दिनेश कुमार, साथ में महाविद्यालय के उपाध्यक्ष आनंद महता

**NEWS CLIPPING: 20.05.2018**

**AMAR UJALA**

# पढ़-लिखकर अपने क्षेत्र की जिम्मेदारियां उठानी चाहिए

अमर उजाला ब्यूरो
फरीदाबाद

केएल मेहता दयानंद महिला महाविद्यालय में शनिवार को आयोजित दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि वाईएमसीए विश्वविद्यालय के कुलपति डा. दिनेश कुमार ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ने वाली या पढ़ाई पूरी कर चुकी छात्राओं को देश उन्नति में सहयोगी बनने की बधाई दी।

महाविद्यालय से कला, विज्ञान, बायो टेक, वाणिज्य और कम्पयूटर विज्ञान में स्नातक और स्नातकोत्तर पास करने वाली छात्राओं को डिग्री दी गई। इस मौके पर महर्षि दयानंद शिक्षण संस्थान की अध्यक्षा डा. विमल मेहता, उपाध्यक्ष आनंद मेहता भी मौजूद थे। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. वंदना मोहला ने अतिथियों का



स्वागत किया। डा. दिनेश ने कहा कि स्वामी विवेकानंद और देश के प्रधानमंत्री महिला हित में देश के हित के समझते हैं। उन्होंने कहा कि पढ़ी लिख कर हर विद्यार्थी को अपने क्षेत्र की जिम्मेदारियां उठाने के लिए तैयार रहना चाहिए। दीक्षांत समारोह में मुख्य रूप से महर्षि दयानंद शिक्षण संस्थान के सदस्य जेसी आर्या, रमेश चावला, प्रो. सुनील गर्ग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

**NEWS CLIPPING: 20.05.2018**

**PUNJAB KESARI**

# वाईएमसीए विश्वविद्यालय ने किया एडॉर वेल्डिंग लिमिटेड से समझौता

## वेल्डिंग प्रौद्योगिकी पर आधारित उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने में करेगी सहयोग

फरीदाबाद, 19 मई (ब्यूरो): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद द्वारा वेल्डिंग तथा विनिर्माण क्षेत्र में विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता को बढ़ाने के उद्देश्य से वेल्डिंग उपकरण विनिर्माता क्षेत्र की अग्रणीय कंपनी एडॉर वेल्डिंग लिमिटेड, मुंबई के साथ समझौता किया है। कंपनी ने विश्वविद्यालय परिसर में वेल्डिंग प्रौद्योगिकी पर आधारित एक उत्कृष्ता केंद्र स्थापित करने के लिए भी तकनीकी सहयोग की पेशकश की है।वाईएमसीए विश्वविद्यालय की ओर से डीन (अकादमिक) डॉ. विक्रम सिंह तथा एडॉर कंपनी की ओर से वरिष्ठ प्रबंधक (उत्तर क्षेत्र) शेखर गुप्ता ने कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थित में समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर सिविल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. एम.एल. अग्रवाल, इंडस्ट्री रिलेशन्स डॉ. रश्मि पोपली, ट्रेनिंग व प्लेसमेंट अधिकारी डा. लखविन्द्र सिंह तथा एडॉर कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधक (उपकरण) उपस्थित थे।इस अवसर पर बोलते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि इस अकादमिक समझौते से विद्यार्थियों को विनिर्माण, औद्योगिक रखरखाव और निर्माण क्षेत्र में रोजगार के लिए जरूरी कौशल को सीखने का अवसर मिलेगा।


पंजाब केसरी ई-पेपर
Sun, 20 May 2018
epaper.punjabkesari.in/c/2883485(

**NEWS CLIPPING: 20.05.2018**

**HINDUSTAN**

# डिग्री पाकर छात्रों के चेहरे खिल उठे

**फरीदाबाद।** एनएच-3 स्थित केएल मेहता दयाननंद कॉलेज में शनिवार को दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ। इस मौके पर कला, विज्ञान, बायोटेक, कॉमर्स, कंप्यूटर साइंस आदि के स्नातक और स्नातकोत्तर की छात्राओं को डिग्रियां दी गई।

कार्यक्रम की शुरुआत बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे वाईएमसीए विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। इस दौरान महर्षि दयानंद शिक्षण संस्थान की अध्यक्षा डॉ. विमल महता, उपाध्यक्ष आनंद महता, जेसी आर्य, रमेश चावला, सुनील गर्ग आदि मौजूद रहे। संस्थान की प्राचार्या डॉ. वंदना मोहला ने सभी का स्वागत किया। इसके बाद छात्राओं ने सरस्वती वंदना पेश कर समां बांधा। कार्यक्रम में संस्थान की करीब 500 छात्राओं को डिग्रियां दी गईं।

**NEWS CLIPPING: 20.05.2018**

**HINDUSTAN**

# 'उद्योगों के लिए छात्र तैयार होंगे'

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में वेल्डिग के क्षेत्र में छात्रों को रोजगार की क्षमता बढ़ाने के लिए शनिवार को मुंबई की एडॉर वेल्डिग लिमिटेड से समझौता किया गया।

यह कंपनी विश्वविद्यालय परिसर में वेल्डिग प्रौद्योगिकी पर आधुनिक उपकरण लगाने पर विचार भी कर रही है। कंपनी की ओर से छात्रों को इंटर्नशिप और रोजगार के भी अवसर मुहैया कराए जाएंगे। औद्योगिक जरूरतों के मुताबिक विद्यार्थियों के लिए कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा।

## करार

- वाईएमसीए और मुंबई की कंपनी के बीच समझौता
- वेल्डिंग तकनीक के क्षेत्र के लिए कौशल विकास किया जाएगा

वाईएमसीए विश्वविद्यालय के डीन (अकादमिक) डॉ. विक्रम सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों को वेल्डिग क्षेत्र में औद्योगिक जरूरतों के मुताबिक तैयार करने के लिए एडॉर कंपनी की ओर से वरिष्ठ प्रबंधक (उत्तर क्षेत्र) शेखर गुप्ता और कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने समझौता किया। इस मौके पर सिविल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. एमएल अग्रवाल, उद्योग संबंध के डॉ. रश्मि पोपली, ट्रेनिंग व प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. लखविन्द्र सिंह मौजूद थे।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि इससे छात्रों को रख रखाव और निर्माण क्षेत्र में रोजगार के लिए जरूरी कौशल को सीखने का मौका मिलेगा। इसका लाभ इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के साथ विश्वविद्यालय के सामुदायिक कॉलेज में चल रहे वेल्डिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रम के छात्रों को भी मिलेगा।